आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.11.2026 समय : 02.10PM

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा

भोपाल में आज भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली। भोपाल की पदयात्रा में थर्ड जेंडर समुदाय के लोग और मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुई हैं। भाजपा ने भोपाल और नर्मदापुरम संभाग से करीब एक लाख लोगों के पहुंचने का दावा किया। अटल पथ पर आयोजित सभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया और अब लोकतंत्र की बात कर रही है। उन्होंने कहा-

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग का अपमान करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया पर बेबुनियाद आरोप लगाकर देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। यह अभियान एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों के जवाब में शुरू किया गया है। इससे पहले 30 अक्टूबर को इंदौर में और 2 नवंबर को जबलपुर में यह पदयात्रा निकाली गई थी.

इंदौर में आरएसएस की बैठक

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक का आज समापन होगा। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में संघ के शीर्ष नेतृत्व समेत देशभर के करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन के विस्तार, युवाओं में बढ़ते नशे और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि समाज में पिछड़ापन दूर होने तक आरक्षण की व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने पर भी जोर दिया।

रबी सीजन में बिजली

प्रदेश को रबी सीजन में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए केंद्र सरकार से 250 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलेगी। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह बिजली ईस्टर्न रीजन अनअलोकेटेड पावर पूल से एनटीपीसी के जरिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसका आवंटन तत्काल प्रभाव से लागू होगा और प्रदेश को करीब 4 रूपए 75 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे रबी सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती

प्रदेश में करीब पांच साल बाद 3 हजार 62 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती होने जा रही है। इसके लिए 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक एमपी ई-सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। चयन के लिए महिला का संबंधित गांव की निवासी और विवाहित होना जरूरी है, साथ ही उम्र 21 से 45 साल और कम से कम 10वीं पास होना चाहिए। चयन प्रक्रिया कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की निगरानी में पूरी होगी।

एशियन वूमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

प्रदेश पहली बार एशियन वूमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 28 नवंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत, जापान, चीन, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें 150 से ज्यादा खिलाड़ी दमखम दिखाएंगी और मुकाबलों का लाइव प्रसारण 166 देशों में होगा।

क्रिकेट

ऑकलैंड में खेले गए पहले वनडे में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 185 रन पर समेट दिया। न्यूजीलैंड की टीम 40.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट झटके, जबकि गुरनूर बराड़ को 3 और अंशुल कंबोज को 2 विकेट मिले। न्यूजीलैंड की ओर से टिम सीफर्ट ने 38, डैरिल

मिशेल ने 28 और ब्लेयर टिकनर ने 34 रन बनाए। भारतीय तेज गेंदबाजों ने कुल 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी के साथ बारिश हो सकती है, जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत ज्यादातर शहरों में मौसम साफ रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- नर्मदापुरम में बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में 'सुरक्षित बचपन अभियान' चलाया गया।
- झाबुआ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधाओं के विस्तार के लिए 11 पुलिया और रिटर्निंग वॉल निर्माण के कार्यों की मंजूरी मिल गई है।
- शिवपुरी डाक संभाग के अंतर्गत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 6 नवम्बर से डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- गुना में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सिविल डिफेंस वॉलंटियर के सात दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर किशोर कन्याल ने कहा कि आपदा के समय संयम बनाए रखना और परिस्थितियों के अनुरूप त्वरित एवं उचित निर्णय लेना बेहद जरूरी है।
- शिवपुरी जिले में पराली और नरवाई जलाने की घटनाओं को खत्म करने के उद्देश्य से जिले में नरवाई मुक्त मध्यप्रदेश अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।
- त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आगरमालवा राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा शहर के पाँच खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये है।
